# बेगमबाग में फिर चला बुलडोजर, पांच मकान किए जमींदोज

- महाकाल मार्ग चौड़ीकरण के लिए प्रशासन एक्शन मोड में
- सीएम मोहन यादव के गृह नगर में विकास कार्य तेज
- यूडीए की बड़ी कार्रवाई, स्टे हटते ही मकान ध्वस्त

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में सिंहस्थ-2028 और महाकुंभ की तैयारियों को गति देते हुए प्रशासन ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है. शनिवार को महाकाल मार्ग स्थित बेगमबाग क्षेत्र में उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 मकानों को ध्वस्त कर दिया.**

यूडीए सीईओ संदीप सोनी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची. इस दौरान कलेक्टर रोशन सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की टीम भी मौजूद रही. संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई.

**लीज शर्तों का उल्लंघन :** जिन मकानों को हटाया गया, वे लीज शर्तों के उल्लंघन में बनाए गए थे. आवासीय भूखंडों को अवैध रूप से विभाजित कर बहुमंजिला निर्माण और होटल तक खड़े कर दिए गए थे. यूडीए ने पहले ही इनकी लीज निरस्त कर दी थी और स्टे हटने के बाद कार्रवाई की गई.

**कुंभ के विकास कार्य तेज:** प्रशासन के अनुसार सिंहस्थ-2028 में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने का अनुमान है. इसी को देखते हुए शहर में आधारभूत ढांचे का विस्तार किया जा रहा है. हरि फाटक क्षेत्र में सिक्स लेन ब्रिज और सिक्स लेन सड़क का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए अवरोध हटाए जा रहे हैं.

**मुख्य मार्ग बंद:** कार्रवाई के दौरान हरि फाटक ब्रिज और महाकाल मंदिर जाने वाला मुख्य मार्ग अस्थायी रूप से बंद किया गया. श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया, जिससे व्यवस्था बनी रही.

**नोटिस और मुनादी के बाद कार्रवाई:** प्राधिकरण ने पहले संबंधित मकान मालिकों को नोटिस जारी किए थे और मुनादी कर भवन खाली करने के निर्देश दिए गए थे. इसके बाद नगर निगम के बुलडोजर, जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से मकानों को गिराकर मलबा हटाया गया, ताकि निर्माण कार्य में बाधा न आए.




## अब तक 63 अवैध निर्माण हटाए

बेगमबाग और आसपास के क्षेत्रों में यह कार्रवाई लगातार जारी है. अब तक 63 से अधिक मकान, गेस्ट हाउस और अवैध निर्माणों को हटाया जा चुका है. महाकाल मार्ग, नीलकंठ द्वार और हरि फाटक ब्रिज के आसपास का पूरा क्षेत्र चौड़ीकरण और नए निर्माण के दायरे में है.

**विकास और व्यवस्था के लिए सख्ती जरूरी:** प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई शहर के दीर्घकालिक विकास, सुगम यातायात और सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के लिए आवश्यक है. स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि सड़क चौड़ीकरण और नए ब्रिज के निर्माण से जाम की समस्या कम होगी और महाकाल क्षेत्र में आवागमन पहले से बेहतर होगा.

# भरतनाट्यम, लोक और वेस्टर्न डांस की दी जाएगी ट्रेनिंग

- प्रतिकल्पा की 21वीं ग्रीष्मकालीन कार्यशाला आज से, महिलाओं को मंच पर लाने की विशेष पहल

**उज्जैन। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित 21वीं ग्रीष्मकालीन नृत्य कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ 3 मई, रविवार को शाम 6 बजे फ्रीगंज स्थित भारतीय ज्ञानपीठ में होगा। संस्कृति संचालनालय, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला 17 मई तक चलेगी। इसमें शहर के कलाप्रेमियों को देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों द्वारा शास्त्रीय, लोक और पाश्चात्य नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।**

संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने बताया कि संस्था पूरे वर्ष कथक का प्रशिक्षण देती है, लेकिन इस विशेष ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम, राजस्थानी व मालवी लोक नृत्य और वर्तमान ट्रेंड के अनुसार वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला का एक प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को विशेष रूप से मंच पर लाना और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है।

## ख्यात विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

भरतनाट्यम का प्रशिक्षण सयाजीराव यूनिवर्सिटी बड़ौदा के भरतनाट्यम नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृति वाघेला और वरिष्ठ नृत्यांगना अरनी भक्त देंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन तथा नृत्य गुरु लोकेश सिंह तोमर मालवी और राजस्थानी लोक नृत्य सिखाएंगे। युवाओं के बीच लोकप्रिय वेस्टर्न, हिप-हॉप, कंटेंपरेरी और बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण यूफोरिया डांस स्टूडियो के डायरेक्टर सोनू जोसेफ द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## प्रशिक्षण के लिए आयु सीमा नहीं

इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए कोई आयु बंधन नहीं रखा गया है, ताकि हर उम्र के लोग अपनी कला को निखार सकें। आयोजन को लेकर डॉ. शिव चौरसिया, कुमार किशन, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सुश्री शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चौरसिया, मिलन गुप्ता और विजय भागचंदानी ने शहर के सभी कलाप्रेमियों से इस कार्यशाला का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# गरीबी-अभाव मेहनतकश के गहने, इसी में तलाशें अवसर

- विजय उछारिया ने बच्चों को दिया सफलता का मंत्र, साझा किए पूर्व राष्ट्रपति कलाम के संस्मरण

**उज्जैन। माना कि मुश्त-ए-खाक से बढ़कर नहीं हूं मैं, लेकिन हवा के रहम-ओ-करम पर नहीं हूं मैं...इन प्रेरक पंक्तियों के साथ विजय उछारिया ने जज़्बा समर कैंप में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अपने मोटिवेशनल लेक्चर में उन्होंने कहा कि गरीबी, अभाव, असफलता और हताशा मेहनतकश लोगों के गहने हैं। इन्हीं परिस्थितियों के बीच हमें आपदा में अवसर ढूंढ़ना चाहिए।**




उछारिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूरे ब्रह्मांड में कुछ न कुछ प्रसारित होता रहता है, उसी प्रकार बच्चों को भी अपने विचार प्रसारित कर अपने सपनों को उड़ान देनी चाहिए। इंसान के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। बेहतर भाषा, गणित और भूगोल आदि के अध्ययन के बलबूते पर बड़े अफसर या सफल व्यवसायी बना जा सकता है। उन्होंने बच्चों को कभी निराश न होने और पूरे मन से नए प्रयास करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे सफलता अवश्य मिलेगी।

**कलाम साहब का था भारत को सोलर बनाने का सपना:** अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए उछारिया ने बताया कि कैसे लगातार प्रयास और दृढ़ निश्चय से अभावों को दूर कर वे यूनियन बैंक के सर्वोच्च पद तक पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ अपने अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि कलाम साहब ने भारत को सोलर बनाने का सपना देखा था, ताकि देश को कच्चे तेल का आयात न्यूनतम करना पड़े। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत इंजीनियर सरफराज कुरेशी, नईम खान, हारून नागौरी, अतहर आलम अंसारी, भुरू शेख, इरशाद नागौरी और ज़हीर शेख ने किया। स्वागत भाषण इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने दिया तथा संचालन नईम खान ने किया। इस अवसर पर हाफिज तैयब, हाफिज शाहनवाज, शाइस्ता परवीन, शाहिना और आमिर कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रधानाचार्य खिंची को दी विदाई



**घट्टिया।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय डबरी के प्रधानाचार्य लालसिंह खींची को सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को ग्रामीण एवं स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी। इस उपलक्ष्य पर भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश मेहता ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता सम्मान कभी व्यक्ति का नहीं होता सेवा के बदले सम्मान होता है। कार्यक्रम में बाबूसिंह तंवर, बाबूलाल मेहता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इसी के साथ अपने विदाई समारोह के अवसर पर शिक्षक खींची ने भी अपने जीवन के अनुभव साझा किए। डाबरी में विदाई समारोह संपन्न होने के पश्चात शिक्षक खींची का माध्यमिक विद्यालय कदवाली में भी विदाई समारोह आयोजित किया गया।

### हमारी जनगणना हमारा विकास



**बड़नगर।** नगरीय क्षेत्र में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण 1 मई से मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। जो 30 मई तक नगर के सभी वार्डों में घर-घर जाकर जनगणना, मकान सूचीकरण से संबंधित जानकारी जैस घर की स्थिति मुलभूत सुविधाएं आदि आंनलाईन डिजीटल जानकारी प्राप्त किये जाने के लिए नगर के 18 वार्डों मे 57 ब्लॉक बनाकर 57 प्रगणकों व 09 पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्र बड़नगर के हर मकान का विवरण दर्ज किया जा रहा है। नागरिकों द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूरी तरह से गोपनीय रहेगी। जिससे भारत वर्ष की आगामी महत्वाकांक्षी योजनाए तैयार की जा सकेगी। विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा समस्त पार्षदगण व चार्ज अधिकारी एमआर निंगवाल ने नागरिकों से जनगणना राष्ट्रीय कार्य में अपना अमूल्य योगदान एवं सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

स्वच्छता और सेवा का दिया संदेश

# दाऊदी बोहरा समाज ने किया ग्लूकोस-डी वितरण

**उज्जैन।** भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास दाऊदी बोहरा समाज की संस्था टीकेएम द्वारा ग्लूकोस-डी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



आयोजन दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की मंशा के अनुरूप किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों और नागरिकों ने रुककर ग्लूकोस-डी का सेवन किया। संस्था द्वारा केवल पेय वितरण ही नहीं किया गया, बल्कि स्वच्छता का संदेश भी प्रभावी रूप से दिया गया। आयोजन स्थल पर स्वयंसेवक डिस्पोजल गिलास हाथों-हाथ एकत्रित कर डस्टबिन में डालते रहे, ताकि आसपास गंदगी न फैले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रमुख आमिल साहब शेख मोईज भाई ज़माली, मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल एवं अंजुमन-ए-वहज़ी के सेक्रेटरी शेख अलीअसगर मोय्यदी उपस्थित रहे। बुरहानुद्दीन भाई लश्करवाला एवं मुस्तफा भाई नागदा वाला ने बताया कि सैयदना साहब की मंशा है कि भीषण गर्मी में किसी भी व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित न हो। इसी उद्देश्य से शहरवासियों को गर्मी से राहत देने के लिए ग्लूकोस-डी का वितरण किया गया। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए डिस्पोजल गिलासों को डस्टबिन में डलवाकर लोगों को जागरूक किया गया।

आमिल शेख मोईज भाई ज़माली ने कहा कि संस्था द्वारा सैयदना साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने दाऊदी बोहरा समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज हमेशा मानवता और सेवा के कार्यों में आगे रहता है। अंत में आभार खुजेमा चांदा भाई वाला ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सैफी मोहल्ला जमात के सेक्रेटरी शेख आबिद भाई काइयांवाला, प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाड़ा, विवेक गुप्ता, कुलदीप शास्त्री, जाहिद भाई मोय्यदी, टीकेएम संस्था के कप्तान युसूफ भाई सिया वाला, तुरब भाई, हुजैफा भाई, मुस्तफा भाई सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# मजदूर दिवस पर कॉलेज में हुआ व्याख्यान



**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद की अध्यक्षता में किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, उनकी मेहनत तथा संघर्ष को सम्मान देना है। मजदूर दिवस की शुरुआत 19वीं सदी में हुई थी।

औद्योगिक क्रांति के समय मजदूरों को कठिन परिस्थितियों में तथा कम वेतन व न्यूनतम सुरक्षा में कार्य करना पड़ता था, साथ ही कहा कि सर्वप्रथम श्रमिक दिवस 1 मई 1880 को मनाया गया।

कार्यक्रम में सुनील गुजराती, डॉ. श्वेता भल्ला, डॉ. प्रियंका गुप्ता, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. दयाराम मुझाल्दा सहित स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम को सराहा।

**एक नजर** — युवा मंच सत्संग समिति की मासिक सेवा श्रृंखला में 100 बुजुर्गों को वितरित किया गेहूं

# ओम नम : शिवाय के जाप के साथ निराश्रित बुजुर्गों को किया अन्नदान

**उज्जैन। सेवा और अध्यात्म के संगम के साथ युवा मंच सत्संग समिति द्वारा नगर के निराश्रित बुजुर्गों की सहायता का संकल्प निरंतर जारी है। समिति के तत्वावधान में आयोजित मासिक वितरण श्रृंखला के अंतर्गत नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रति बुजुर्ग 10 किलो गेहूं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव के पंचाक्षर मंत्र ओम नमः शिवाय के सामूहिक जाप के साथ हुआ।**



समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि हीरा मिल परिसर स्थित हिरदेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन सोगानी एवं अधिवक्ता विशाल मानडिक उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत समिति के संस्थापक गोपाल बागरवाल के मार्गदर्शन में अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, फूलचंद जदिया, राजेश श्रीवास, सचिव विजय तिवारी, सह-सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ओम हरोड़, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, संयोजक विट्ठल नागर एवं लीलाधर आड़तिया सहित अन्य सदस्यों ने किया।

**विभिन्न समितियों ने निभाई सक्रिय भूमिका:** सेवा कार्य में महिला मंच सत्संग समिति की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, उपाध्यक्ष नीता आतिया, योगिता आर्य, सचिव प्रेमलता रामी, पार्षद एवं सह-सचिव नीति राठौर, कोषाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, संगठन महामंत्री कविता राय एवं पिंकी यादव ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अन्नदान गेहूं वितरण समिति के संयोजक राजेश राणा, अध्यक्ष शिवनारायण जागीदार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, महेश गुप्ता, सचिव अशोक शर्मा विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, अशोक कपूर एवं बाबूलाल मलोठिया ने व्यवस्थाएं संभालीं।

**स्वास्थ्य सेवा और युवा शक्ति का सहयोग:** इस अवसर पर महाकाल शयन आरती भक्त मंडल के महेंद्र कटियार द्वारा जरूरतमंदों को आंखों की दवाई (ड्रॉप) का निःशुल्क वितरण किया गया। युवा मानव सेवा समिति के संयोजक रितेश वर्मा, अध्यक्ष डॉक्टर सागर मारोठिया, अनिल पांचाल, अर्जुन माली, सचिव लोकेंद्र रामी, अनिल लश्करी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र डोडिया, संगठन महामंत्री रोशन चौधरी, अमित दुबे एवं दिनेश परमार भी उपस्थित रहे। यह सेवा कार्य प्रतिमाह 1 से 5 तारीख के मध्य आयोजित किया जाता है।

### दानदाताओं ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

गेहूं वितरण में मनोज गहलोत द्वारा स्व. रणजीत सिंह मोरी की स्मृति में एक क्विंटल गेहूं प्रदान किया गया। साथ ही सुंदर बाई मोरी ने एक क्विंटल, लखन सिंह राणावत एक क्विंटल, डॉ. सागर मारोठिया 50 किलो एवं रोशन चौधरी ने 25 किलो गेहूं का सहयोग दिया। आर्थिक सहयोग के रूप में कमलेश सीरोलिया ने 1100 रुपये, पारस कुमार जैन ने 1100 रुपये एवं कल्पना कातरे ने 1000 रुपये की राशि भेंट की। कार्यक्रम के अंत में समिति के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।